प्रेस विज्ञप्ति

"खाद्यपदार्थों में मिलावट संबंधी जागरूकता कार्यक्रम"

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के संयुक्त रूप से गृहविज्ञान और रसायनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में दिनांक 06/12/2022 को खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रीमती श्रध्दा चंद्राकर के मार्गदर्शन और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपाली राव विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान,सह संयोजक सुश्री देविका, सुश्री हेमलता, श्री भूपेन्द्र सिंह राजपूत के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. दीपाली राव ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में विस्तार से बताया कि किस प्रकार से मिलावट होते हैं।जिसे हम अनजाने में सेवन करते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होते हैं।जिसकी जानकारी हमें होनी चाहिए और हमें यह जानकारी नहीं होने से हम पौष्टिक आहार प्राप्त नहीं कर पाते हैं।इस तरह से जागरूक होना आज बहुत ही आवश्यक हो गया है।कार्यक्रम में सुश्री देविका परगनिहा, सुश्री हेमलता, श्री भूपेन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा खाद्य पदार्थों में किस प्रकार से मिलावट होते हैं ,उन विधियों को प्रयोग कर समझाया गया कार्यक्रम में कुछ खाद्य पदार्थों का रासायनिक एवं भौतिक विधि से प्रयोग कर छात्र छात्राओं के समक्ष प्रदर्शन कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दूध, शहद, हल्दी,चाय पत्ती जैसे खाद्य पदार्थों का परीक्षण कर उनमें मिले अन्य पदार्थों के बारे में बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम से छात्र छात्राएँ खाद्य पदार्थों में मिले अन्य मिलावटी पदार्थ की महत्वपूर्ण जानकारियो से अवगत हुए।

इस कार्यक्रम में डॉ. जे.के. खलखो, डॉ. एच.एल. मानकर, प्रो. सी.डी.मानिकपुरी, प्रो.जे.आर. नायक, डॉ. रामाधीन साहू, प्रो.संतोष कुमार राणा, सुश्री दीपाली कुरेटी, सुश्री कलेन्द्री रावटे, डॉ. अमित सिंह प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

संयोजक [signature]

[signature]
प्राचार्य

*Principal*
**Govt. Ghanshyam Singh Gupt**
**P.G. College, Balod (C.G.)**

सहसंयोजक

[signature]

Devika

[signature]


GPS Map Camera
Balod, Chhattisgarh, India
G.S.G.P.G. College Balod, Durg Dalli-Rajhara
Rd, Balod, Chhattisgarh 491226, India
Lat 20.717972°
Long 81.191048°
06/12/22 12:36 PM GMT +05:30
Google

हरिभूमि
बालोद-बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 दिसंबर 2022

11 स्कूली छात्राओं को दी गई महिला अधिकारों...



12 कैंपस सलेक्शन कैंप में छात्र छात्राओं को मिली...





# खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट के संबंध में कार्यशाला में विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के संयुक्त रूप से गृहविज्ञान और रसायन शास्त्र विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- आहार मिलावटी होने के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रध्दा चंद्राकर के मार्गदर्शन और संयोजक विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान डॉ. दीपाली राव, सह संयोजक देविका, हेमलता, भूपेन्द्र सिंह राजपूत के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डा. दीपाली राव ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में विस्तार से बताया कि किस प्रकार से मिलावट की जाती है, जिसे हम अनजाने में सेवन करते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होता हैं। जिसकी जानकारी हमें होनी चाहिए। जानकारी नहीं होने से हम पौष्टिक आहार प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

## मिलावटी खाद्यान्न सेहत के लिए घातक



### मिलावट जांचने प्रयोग करके विद्यार्थियों को दी जानकारी

कार्यक्रम में देविका परगनिहा, हेमलता, भूपेन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा खाद्य पदार्थों में किस प्रकार से मिलावट होते हैं। उन विधियों को प्रयोग कर समझाया गया, कार्यक्रम में कुछ खाद्य पदार्थों का रासायनिक एवं भौतिक विधि से प्रयोग कर छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रदर्शन कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दूध, शहद, हल्दी, चाय पत्ती जैसे खाद्य पदार्थों का परीक्षण कर उनमें मिले अन्य पदार्थों के बारे में बताया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम से छात्र छात्राएँ खाद्य पदार्थों में मिले अन्य मिलावटी पदार्थ की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए।

इस तरह से जागरूक होना आज बहुत ही आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम में डा. जेके खलखो, डॉ. एचएल मानकर, प्रो. सीडी मानिकपुरी, प्रो.जेआर नायक, डॉ. रामाधीन साहू, प्रो. संतोष कुमार राणा, दीपाली कुरेटी, कलेन्द्री रावटे, डॉ. अमित सिंह सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।